**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**"मुख्य समाचार"**

- कुल्लू ज़िला में लारजी जलविद्युत परियोजना हुई कार्यशील– वर्ष 2023 में बाढ़ के कारण हुई थी क्षतिग्रस्त।
- राज्य परिवहन विभाग ने बीते वित्त वर्ष में अर्जित किया 9 सौ 12 करोड़ रूपए का राजस्व।
- प्रदेश सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से बीते अढ़ाई वर्षों में 87 हज़ार से अधिक विद्यार्थी हुए लाभान्वित।
- पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 24 घंटों में राज्य के कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी।

**समाचार विस्तार से..........**

**परियोजना**

कुल्लू ज़िले में एक सौ 26 मैगावॉट क्षमता की लारजी जल विद्युत परियोजना को पूरी तरह बहाल कर कार्यशील कर दिया गया है। गौरतलब है कि ये परियोजना 9 और 10 जुलाई 2023 को ब्यास नदी में आई बाढ़ के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस परियोजना को बहाल करने के लिए राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के इंजीनियरों और कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की है। वर्तमान में परियोजना के तीनों टरबाइन कार्यशील हैं और विद्युत उत्पादन आरम्भ कर दिया गया है। भविष्य में होने वाली प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए परियोजना की सुरक्षा में कई निवारक उपाय किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, भारी बाढ़ के दौरान पानी के प्रवेश को रोकने के लिए प्रवेश सुरंग पर एक मजबूत गेट लगाया गया है। इस तरह के एक गेट का निर्माण आपातकालीन निकास सुरंग में भी किया जा रहा है, जिसमें सुरक्षित व जलरोधी प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए निर्माण कार्य भी किए जा रहे हैं।

**अग्निहोत्री**

राज्य परिवहन विभाग ने बीते वित्त वर्ष में 9 सौ 12 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया है जो वर्ष 2023–24 के मुकाबले एक सौ 32 करोड़ रूपए अधिक है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि इस वित्त वर्ष में विभाग के राजस्व में और अधिक इज़ाफा होगा और इसे एक हज़ार करोड़ रूपए तक करने का लक्ष्य रखा गया है।

***पिछले साल ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने 912 करोड़ रूपए का रैवेन्यू अर्जित किया है। जोकि उससे पिछले साल के मुकाबले में 132 करोड़ रूपए अधिक है। जोकि लगभग 17 पर्सेंट अधिक है। और इस साल हम लगभग एक हज़ार करोड़ रूपए के रैवेन्यू को पार कर जाएंगे। और हमारा जो डिपार्टमेंट है पिछले अभी जो अभी साल शुरू हुआ है फर्स्ट अप्रैल से, अभी तक हमने फिर से डेढ़ सौ करोड़ रूपया अर्जित कर लिया है।***

अग्निहोत्री ने बताया कि परिवहन विभाग एक हज़ार नए रूट देने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 23 पैट्रोल पंपों पर कम्पनियों ने चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं।

**जयराम ठाकुर**

प्रदेश में भाजपा की तिरंगा यात्राओं का दौर जारी है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आज कुल्लू के नग्गर में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा ऑप्रेशन सिंदूर के जांबाज़ जवानों को देशवासियों का नमन है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर के रूप में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई के साथ–साथ सरकार द्वारा भी पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए गए हैं। जयराम ठाकुर के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि पहलगाम के हमलावरों को उनकी कल्पना से भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी और उसी के परिणामस्वरूप आज पाकिस्तान के सैन्य ठिकाने तबाह हैं और आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया है। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा नेता व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर और बंजार के विधायक सुरेन्द्र शौरी समेत अन्य नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

**बिंदल**

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि देशभर में भारत की सफलता को लेकर उत्साह और उमंग का वातावरण है जो भारत की देशभक्ति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि चारों संसदीय क्षेत्रों के चार केन्द्रों शिमला, धर्मशाला, मण्डी और हमीरपुर में बड़ी यात्राएं निकालने के बाद भाजपा के सभी मण्डलों पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। बिंदल ने कहा कि यात्राएं निकालने का ये क्रम शुरू हो चुका है और इसे 25 मई तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश में सिंदूर यात्राएं निकाली जा रही हैं।

**सुरेश कश्यप**

वहीं, भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेनाओं की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और इसके साथ ही उन्होंने देश को सुरक्षित करने का भी काम किया है। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभाली है, उसके बाद 3 बड़े आतंकी हमले हुए जिनका मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि आज़ादी के बाद ये पहली बार हुआ है जब भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में सौ किलोमीटर अंदर घुसकर जवाबी कार्रवाई की है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि फिजियोथैरेपी स्वास्थ्य सेवा के लिए महत्वपूर्ण आयामों में से एक है और इसके माध्यम से रोगियों के उपचार व उन्हें स्वस्थ रखने में विशेष मदद मिलती है। वे आज सोलन ज़िले के वाकनाघाट स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। धनीराम शांडिल ने कहा कि फिजियोथैरेपी पुराने रोगों को जड़ से खत्म करने का एक बेहतर विकल्प है और ये शरीर को और अधिक स्वस्थ व मज़बूत बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी गर्भावस्था से वृद्धावस्था तक विभिन्न रोगों के उपचार का कारगर माध्यम है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न कम्पनियों द्वारा फिजियो थैरेपी से संबंधित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये कार्यक्रम फिजियो थैरेपी के क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और उत्कृष्टता को बढ़ावा देकर रोगियों के लिए फायदेमंद सिद्ध होगा।

**छात्रवृत्ति**

राज्य सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से पिछले अढ़ाई वर्षों में 87 हज़ार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। इन विद्यार्थियों को करीब 92 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता दी गई है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार ये छात्रवृत्ति योजनाएं सामाजिक व आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के बच्चों के गुणात्मक शिक्षा के सपने को साकार करने में मददगार बन रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उठाए गए ठोस प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। बीते जनवरी में जारी शिक्षा की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश पढ़ने और सीखने के स्तर की राष्ट्रीय रैंकिंग में 21वें स्थान से शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में प्रदेश के विद्यार्थियों को पढ़ने के कौशल के लिए देश भर में शीर्ष

पर रखा गया है। प्रदेश में किए गए जा रहे सर्वेक्षण भी सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार को प्रदर्शित कर रहे हैं। केंद्र सरकार की पीएम–श्री योजना को सफलतापूर्वक लागू करने में हिमाचल, देश भर में शीर्ष स्थान पर रहा है।

**मेला**

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि समृद्ध संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन सभी का सामूहिक दायित्व है। मण्डी ज़िले में करसोग के श्री मूल माहूनाग मेले के समापन पर उन्होंने कहा कि देव संस्कृति से जुड़े हुए मेले हमारे पहाड़ी प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति का हिस्सा हैं। बाली ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धनराशि देने की घोषणा भी की।

**मौसम**

प्रदेश में अगले कुछ घंटों में ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से 19 और 20 मई को कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के मौसम वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि कल 19 मई को वर्षा के साथ–साथ आंधी–तूफान, आसमानी बिजली गिरने और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच, राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। पिछले कुछ दिनों से खिल रही धूप के कारण अधिकतर स्थानों पर तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है।

**संग्रहालय**

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। यह दिवस प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आदान–प्रदान, सांस्कृतिक समृद्धि, सहयोग और शांति को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है–तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने, शिक्षा और समुदायों के बीच संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों के महत्व को रेखांकित करता है। ए.एस.आई. के 26 स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में हैं, जो देश की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और वास्तुशिल्प नमूनों को संरक्षित करने और उनका जश्न मनाने में ए.एस.आई. की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**"मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- कुल्लू ज़िला में लारजी जलविद्युत परियोजना हुई कार्यशील– वर्ष 2023 में बाढ़ के कारण हुई थी क्षतिग्रस्त।
- राज्य परिवहन विभाग ने बीते वित्त वर्ष में अर्जित किया 9 सौ 12 करोड़ रूपए का राजस्व।
- प्रदेश सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से बीते अढ़ाई वर्षों में 87 हज़ार से अधिक विद्यार्थी हुए लाभान्वित।
- पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 24 घंटों में राज्य के कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी।